आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 24.11.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया–कहा, एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- संसद का शीतकालीन सत्र कल से–सर्वदलीय बैठक में संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्षी दलों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग का आग्रह किया।
- प्रदेश में दिन और रात के तापमान में उतार–चढाव के बीच हल्की ठण्ड का असर जारी।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

.....

प्रधानमंत्री ने निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले युवाओं के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ने वृद्धजनों के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पाने वालों की संख्या 80 लाख से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

......

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर श्री मोदी ने कैडेट के रूप में बिताये दिनों का स्मरण किया। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि जैव–विविधता को बनाए रखने में गौरैया की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने बढ़ते शहरीकरण के कारण शहरों में गौरैया के अस्तित्व पर खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। श्री मोदी ने स्वच्छता के बारे में कहा कि सरकारी कार्यालयों से दशकों पुरानी फाइलें और कबाड़ हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सरकारी विभागों में आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं।

.....

प्रदेश में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। राजधानी जयपुर और पाली सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग तीन हजार विदेशी और भारतीय प्रतिनिधियों के सम्मिलित होने की संभावना है। छह दिन चलने वाले इस सम्मेलन में दुनिया भर की सहकारी समितियां कई कार्यक्रमों और चर्चाओं में शामिल होंगी। सम्मेलन का विषय सहकारिता से सभी की समृद्धि का निर्माण है। सम्मेलन में सभी के लिए सामूहिक, शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य के निर्माण में सहकारी समितियों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। इसमें भूटान के प्रधानमंत्री दाशो छेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी शामिल होंगे।

00000

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार कल से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक के बाद श्री रिजिजू ने विपक्षी दलों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने

की। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, एल मुरुगन, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, एमडीएमके सांसद वाइको, कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश और अन्य सांसद शामिल हुए। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संसद की बैठक नहीं होगी।

00000

संसद के कल से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से संसद की मर्यादा बनाए रखने का आग्रह किया। आकाशवाणी समाचार को दिये गये एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने उम्मीद जताई कि सांसद सकारात्मक और रचनात्मक बहस की परंपरा में योगदान देंगे। उन्होंने सांसदों से सदन में मर्यादा के उच्चतम मानक स्थापित करने की अपील की। मंगलवार को मनाए जाने वाले संविधान दिवस से पहले श्री बिरला ने संविधान पर खतरे के सभी दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के लोगों का है और समाज के सभी वर्गों का इसमें विश्वास है। श्री बिरला ने कहा कि संविधान को राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

00000

सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर का आज शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। 1675 में आज ही के दिन श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनके बलिदान को हर वर्ष शहीदी दिवस के रूप में याद किया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरु तेग बहादुर को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी है।

000000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा। देशभर से चुने हुए 3000 युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। अजमेर के जिला युवा और खेल अधिकारी जयेश मीना ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम युवाओं का महोत्सव है। जिसमें भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भागीदारी को प्रेरित करने के उद्देश्य से चार चरणों में प्रतियोगिता होगी।

00000

जयपुर के मुहाना में कल फूड लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि शिविर में व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिविर में किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग व्यापारियों, फास्ट फूड, चाट, पकौड़ी, फल, सब्जी का ठेला और स्टॉल्स लगाने वाले विक्रेताओं के आवेदन ऑनलाइन लेकर मौके पर ही लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। वहीं मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता और मिलावट के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

0000

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में उतार–चढाव के बीच हल्की ठंड का असर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में राज्य के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहां रात का तापमान 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं राज्य के ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 26 डिग्री सैल्सियस से 31 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

00000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। नीमकाथाना तहसील क्षेत्र में तहसीलदार ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले मतदाताओं के नाम जोड़ने और संशोधन के लिए आवेदन लिये गये। वहीं हनुमानगढ और पाली जिले में भी विभिन्न स्थानों पर पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया।

00000

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने शिकायत समाधान में तेजी लाने के लिए अपने कन्वर्जेंस कार्यक्रम के तहत एक हजार से अधिक कंपनियों के साथ भागीदारी की है। ये कंपनियाँ ई–कॉमर्स, निजी शिक्षा, एफएमसीजी, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएँ, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, खुदरा दुकानें, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सहित प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि इन कन्वर्जेंस कंपनियों से संबंधित शिकायतों को

ऑनलाइन समाधान के लिए सीधे उनके पास स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि कन्वर्जेंस भागीदारों की संख्या 2017 में 263 कंपनियों से लगातार बढ़कर एक हजार नौ कंपनियों तक पहुँच गई है।

00000

संविधान दिवस पर आगामी 26 नवंबर को राष्ट्रीय महिला आयोग और नगर निगम बीकानेर के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा। मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने बताया कि रविन्द्र रंगमंच में "हम भारत की महिलाएं" और संविधान निर्माण में महिलाओं के योगदान विषय पर नाट्य कार्यक्रम और व्याख्यान का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर और विधि मंत्री जोगाराम पटेल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

00000

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो के परिणाम आज घोषित किए गए। टीम ग्रीन की फिल्म गुल्लू ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। इसके लिए टीम ग्रीन को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के पुष्पेंद्र कुमार ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। लवफिलक्स सब्सक्रिप्शन फिल्म के लिए विशाखा नाइक को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। बातचीत में पुष्पेंद्र ने क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो को एक अभूतपूर्व अनुभव बताया। उन्होंने युवा फिल्म निर्माताओं को लघु फिल्मों को समय पर पूरा करने में सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के लिए चुने गए 100 युवा प्रतिभागियों के एक समूह को 20–20 सदस्यों की पांच टीमों में विभाजित किया गया था। उन्हें 48 घंटों के भीतर एक लघु फिल्म बनाने का काम सौंपा गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फिल्म निर्माण के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

00000